भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 415

(जिसका उत्तर सोमवार 24 जून, 2019/3 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला है।)

विदेशी ऋण

415. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क): आज की तिथि तक देश के विदेशी ऋण का ब्यौरा क्या है;

(ख): विश्व के ऋणग्रस्त देशों में भारत की स्थिति क्या है;

(ग): वर्तमान में बाह्य ऋण का प्रति व्यक्ति भार का ब्यौरा क्या है;

(घ): विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान देश/संस्था-वार मूलधन राशि और ब्याज के रूप में विदेशी ऋणदाताओं को प्रदान की गई कुल राशि कितनी है; और

(ङ): देश के ऋण भार को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)

(क): दिनांक 31 दिसंबर, 2018 को भारत का विदेशी ऋण 521.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जिसमें दीर्घावधिक ऋण का हिस्सा 80.1 प्रतिशत था। वाणिज्यिक उधार 37.4 प्रतिशत के साथ विदेशी ऋण का सबसे बड़ा घटक बना रहा, जिसके बाद अनिवासी जमा (24.1 प्रतिशत), अल्पावधिक व्यापार ऋण (19.9 प्रतिशत) और सरकारी ऋण कुल ऋण का लगभग 20 प्रतिशत बैठता है।

(ख): विश्व बैंक के वार्षिक प्रकाशन शीर्षक 'अंतर्राष्ट्रीय ऋण आंकड़े 2019' के अनुसार निरपेक्ष विदेशी ऋण स्टॉक के संदर्भ में विकासशील ऋणी देशों में चीन और ब्राजील के बाद 2017 में भारत का तीसरा स्थान था। हालांकि सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के विदेशी ऋण स्टॉक के औसत के संदर्भ में 2017 में 19.8 प्रतिशत के साथ भारत का सर्वनिम्न चौथा स्थान था।

(ग): केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मध्य वर्ष जनसंख्या अनुमान के आधार पर 31 दिसंबर, 2018 को देश का प्रति व्यक्ति विदेशी ऋण 27689 रुपये अनुमानित था।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में देशवार/संस्थान-वार, विदेशी साहूकारों को अदा की गई कुल मूलधन और ब्याज राशि को दर्शाने वाली सारणी अनुबंध-। में दी गई है।

(ङ): भारत सरकार की विवेकपूर्ण विदेशी ऋण प्रबंधन नीति ने विदेशी ऋण को बढ़ने से रोकने और विदेशी ऋण को आरामदायक स्थिति में रखने में सहायता की है। नीति का ध्यान लघु और दीर्घ अवधि के ऋण, लंबी परिपक्वता अवधि के रियायती शर्तों पर सॉवरेन ऋण प्राप्त करने, विदेशी वाणिज्यिक उधारों को नियंत्रित करने और अनिवासी भारतीय जमाओं पर ब्याज दरों को तर्कसंगत बनाने पर केंद्रित है।

*****

ऋणदाता के द्वारा विदेशी ऋण सेवा भुगतान (वास्तविक)

(मिलियन अमरीकी डॉलर)							
क्र.सं.	ऋणदाता	2016-17		2017-18 आंशिक संशोधन		2018-19 त्वरित अनुमान	
		मूलधन	ब्याज	मूलधन	ब्याज	मूलधन	ब्याज
I	बहुपक्षीय (1 से 9)	3390	562	3433	720	3768	995
1	एडीबी	718	173	680	242	762	383
2	ईआईबी	0	0	0	0	0	0
3	एनडीबी	0	0	0	0	0	1
4	एआईआईबी	0	0	0	1	0	3
5	आईबीआरडी	1028	163	1025	238	1105	361
6	आईडीए	1626	222	1711	234	1881	243
7	आईएफएडी	15	3	15	4	16	4
8	ईईसी (एसएसी)	1	0	1	0	1	0
9	ओपेक	2	1	2	1	2	1
II	द्विपक्षीय (1 से 7)	1429	336	1318	325	1397	350
1	जर्मनी	414	51	302	44	334	47
2	फ्रांस	20	6	30	8	36	8
3	जापान	849	247	849	236	890	246
4	रूसी गणराज्य (यूएसडी)	109	26	104	32	104	45
5	रूसी गणराज्य (आईएनआर)	8	0	8	0	8	0
6	स्वीटजरलैंड	0	0	0	0	0	0
7	यूएसए	28	5	25	4	26	4
कुल जोड़ (I + II)		**4819**	**898**	**4751**	**1044**	**5164**	**1345**

स्रोत:सीएए

पीआर: आंशिक संशोधन क्यूई: त्वरित अनुमान